महात्मा गांधी संस्थान

महात्मा गांधी संस्थान आप्रवासी हिन्दी साहित्य सृजन सम्मान
– पाँचवा संस्करण (2023)

महात्मा गांधी संस्थान उपर्युक्त सम्मान हेतु सहर्ष हिंदी के नवोदित लेखकों को आमंत्रित करता है। वे आप्रवासी देश के किसी भी उम्र के व्यक्ति हो सकते हैं तथा उनके प्रकाशन का इतिहास कम-से-कम पंद्रह (15) वर्षों का हो।

आवेदन - प्रक्रिया

(i) इच्छुक प्रतिभागियों से निवेदन किया जाता है कि वे किसी भी विधा में प्रकाशित अपनी पुस्तक महात्मा गांधी संस्थान में भेजें। रचना का प्रकाशन वर्ष इस विज्ञप्ति की तिथि से पांच (5) वर्ष से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(ii) प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सूचनाएँ :

(a) अपनी रचना की चार हार्ड प्रतियाँ और एक सॉफ़्ट कॉपी भेजें।
(b) एक अतिरिक्त पृष्ठ पर अपनी प्रकाशित रचनाओं की सूची दें जिसमें शीर्षक, विधाएं, प्रकाशन तिथि, प्रकाशक एवं प्रकाशन स्थल का भी उल्लेख हो।

(iii) प्रतिभागियों से निवेदन किया जाता है कि वे आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र महात्मा गांधी संस्थान, भारतीय उच्चायुक्त मॉरीशस एवं रवीन्द्रनाथ ठाकुर संस्थान की वेबसाइट www.mgirti.ac.mu, विश्व हिंदी सचिवालय की वेबसाइट www.vishwahindi.com, भारतीय उच्चायुक्त, मॉरीशस की वेबसाइट https://hcimauritius.gov.in/index से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा महात्मा गांधी संस्थान के स्वागत डेस्क से प्राप्त किया जा सकता है।

(iv) पूर्ण आवेदन पत्र, साहित्यिक रचना की प्रतियाँ, ऊपर निवेदित दस्तावेज़ सहित

Director-General, Mahatma Gandhi Institute & Rabindranath Tagore Institute, Moka, (80808), Mauritius, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 तक, देर-से-देर शाम के 4 बजे तक पहुँच जाना चाहिए।

(v) इच्छुक प्रतिभागियों को सम्मान के नियमों एवं शर्तों, पात्रता के मानदण्ड और अन्य जानकारी हेतु महात्मा गांधी संस्थान की वेबसाइट, भारतीय उच्चायुक्त, मॉरीशस की वेबसाइट अथवा विश्व हिंदी सचिवालय की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

सूचना

a. अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त एवं/अथवा पूरे दस्तावेजों से रहित आवेदन पत्र को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
b. भेजे गए लिफ़ाफ़े के बाएँ कोने के ऊपरी भाग में स्पष्ट रूप से सम्मान का उल्लेख होना चाहिए।
c. इस विज्ञप्ति के परिणाम स्वरूप महात्मा गांधी संस्थान सम्मान न देने का अधिकार रखता है।

Mahatma Gandhi Institute
Moka, Mauritius
Tel: 4032000 / 38
Email: directorgeneral@mgi.ac.mu

15 July 2023

महात्मा गांधी संस्थान आप्रवासी हिन्दी साहित्य सृजन सम्मान – पाँचवा संस्करण (2023)

भाग लेने के नियम एवं शर्तें

(i) प्रत्येक प्रतिभागी की एक ही साहित्यिक रचना स्वीकार की जाएगी ।

(ii) प्रेषित रचना मौलिक होनी चाहिए तथा जिसे पूर्व में किसी भी प्रकार का साहित्यिक सम्मान प्राप्त न हुआ हो ।

(iii) भेजी गयी रचना:
- अनुदित रचना, अथवा रूपांतरण या अनेक लेखकों की रचनाओं का संकलन न हो ।
- विश्वविद्यालय की डिग्री हेतु प्रस्तुत शोध - कार्य का संक्षेपण न हो
- पूर्व में पुस्तकाकार में प्रकाशित लेखों का नया प्रकाशन न हो ।
- पूर्व में प्रकाशित किसी पुस्तक का नया संस्करण न हो ।

(iv) केवल पुरस्कृत आवेदक को आवेदन के परिणाम की सूचना दी जाएगी ।

(v) जमा किए गए दस्तावेज़ आवेदकों को लौटाए नहीं जाएंगे ।

(vi) निर्णायक मण्डल का निर्णय अंतिम होगा ।

(vii) यदि यह पाया गया कि निर्णायक मण्डल के निर्णय को प्रभावित करने की चेष्टा की गयी है तो निर्णायक - मण्डल अधिकार स्वरूप किसी प्रविष्टी को अस्वीकृत कर सकता है ।

सम्मान

विजेता को 2000 अमेरिकी डॉलर/ USD राशि के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

पात्रता के मानदण्ड

(i) पुराने तथा नए आप्रवासी देशों के रचनाकार सम्मान के अधिकारी हो सकते हैं।

(ii) भारत के बाहर स्थायी रूप से वास करने वाले भारतीय, उस देश के नागरिक निवास परमिट का प्रमाण देकर भाग लेने के पात्र हो सकते हैं।

(iii) महात्मा गांधी संस्थान एवं रवीन्द्रनाथ ठाकुर संस्थान परिषद के सदस्य तथा दोनों संस्थानों के कर्मचारी और/अथवा उनके घनिष्ठ सम्बन्धी*, पूर्ववर्ती संस्करण के सम्मान के विजेता इस सम्मान के लिए प्रतिभागी नहीं बन सकते हैं।

*घनिष्ठ सम्बन्धी का अर्थ है:

- व्यक्ति की पत्नी अथवा व्यक्ति का पति
- व्यक्ति का भाई अथवा उसकी बहन
- व्यक्ति की पत्नी का भाई अथवा बहन अथवा व्यक्ति के पिता,माता या बेटा,बेटी

महात्मा गांधी संस्थान आप्रवासी हिन्दी साहित्य सृजन सम्मान

– पाँचवा संस्करण (2023)

आवेदन-पत्र

व्यक्तिगत विवरण

कु०/श्री/श्रीमती/डॉ०/एसो०प्रो०/प्रो० : ....

नाम : ....

पदनाम : ....

जन्मतिथि : ....

लिंग : ....

पता : ....

....

राष्ट्रीयता : ....

पद का नाम : ....

ईमेल : ....

फ़ोन / मोबाइल नं० : ....

	रचना का शीर्षक	विधा	प्रकाशन-तिथि	प्रकाशक का नाम

मैं .... यह प्रमाणित करता / करती हूँ, कि मैंने विज्ञप्ति में दिए गए नियम, शर्त तथा मानदंड सावधानी पूर्वक पढ़े हैं। वे सभी मुझे मान्य हैं और मेरे द्वारा दी गई समस्त सूचनाएँ सत्य और सही हैं।

हस्ताक्षर : .... **दिनांक :** ....